# आदेश

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के आदेश संख्या:डीजी–चार–स्था0–जीआरपी–(108)/2023 दिनांक 27.02.2023 द्वारा मुख्य आरक्षी पीएनओ 062511315 शैलेन्द्र सिंह का जनहित के आधार पर कमिश्नरेट कानपुर से जीआरपी मुख्यालय लखनऊ स्थानान्तरण किया गया था, जिसके अनुपालन में पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट कानपुर के आदेश दिनांक 31.05.2023 एवं प्रस्थानादेश दिनांक 18.01.2024 द्वारा विलम्ब से उक्त मुख्य आरक्षी को कमिश्नरेट कानपुर से जीआरपी मुख्यालय लखनऊ हेतु स्थानान्तरण पर कार्यमुक्त किये जाने के विरूद्ध मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद में रिट याचिका संख्या: 1283/2024 मुख्य आरक्षी पीएनओ 062511315 शैलेन्द्र सिंह बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य योजित की गयी थी, जिसमें माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा दिनांक 13.02.2024 को सुनवाई के उपरांत स्थानान्तरण आदेश दिनांक 27.02.2023 एवं कार्यमुक्ति आदेश दिनांक 31.05.2023 व प्रस्थानादेश दिनांक 18.01.2024 को **(abeyance) करते हुये अगले स्थानान्तरण सत्र में विभागीय आवश्यकताओं के दृष्टिगत् स्थानान्तरण किये जाने की छूट प्रदान की गयी।**

उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या: 5001/आठ–1–86 दिनांक 11.07.1986 में निहित निर्देशानुसार मुख्य आरक्षी पीएनओ 062511315 शैलेन्द्र सिंह द्वारा कमिश्नरेट कानपुर की समयावधि 10 वर्ष से अधिक पूर्ण कर लिये जाने के फलस्वरूप उक्त रिट याचिका में माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा दिनांक 13.02.2024 को पारित किये गये आदेश द्वारा अगले स्थानान्तरण सत्र में विभागीय आवश्यकओं के दृष्टिगत स्थानान्तरण किये जाने की छूट प्रदान किये जाने के समादर में मुख्य आरक्षी पीएनओ 062511315 शैलेन्द्र सिंह को समयावधि के आधार पर कमिश्नरेट कानपुर से कमिश्नरेट लखनऊ स्थानान्तरित किया जाता है।

यह आदेश पुलिस स्थापना बोर्ड के **कार्यवृत्त सूची संख्या: एएसपी–(ई–1) (समयावधि)–402/2024 दिनांक: 29.06.2024** में लिये गये निर्णय के अनुसार जारी किया जा रहा है।

उपरोक्त कर्मी को आदेश निर्गत होने की तिथि से **10 दिवस के अन्दर (दिनांक 10.07.2024 तक)** अवश्य कार्यमुक्त कर दिया जाए। विलम्ब से कार्यमुक्त करने के सम्बंध में मा0 न्यायालय द्वारा कोई विपरीत आदेश पारित किये जाते है, तो आपके कार्यालय के सम्बधित अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

कर्मी के सम्बंध में मुख्यालय स्तर से पूर्व में निर्गत स्थानान्तरण आदेश निरस्त समझे जायेंगे।

DGP HQRS UP LKW

DG-IV-STHA-(402)-2024/1121 DT 29-06-2024

29/6/24

**(राहुल मिश्रा)**
अपर पुलिस अधीक्षक, स्थापना,
नि0 पुलिस उपमहानिरीक्षक, स्थापना/कार्मिक
उ0प्र0 लखनऊ।

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

चतुर्थ तल, (द्वितीय टावर), पुलिस मुख्यालय,सेक्टर–7, गोमतीनगरविस्तार,उ0प्र0 लखनऊ–226002

**संख्या:– डीजी–चार–स्था0–402–2024/1121** **दिनांक:जून 29 ,2024**

**प्रतिलिपि:– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवयक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–**

1– पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट कानपुर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उपरोक्त कर्मी को 10 दिवस के अन्दर कार्यमुक्त कर सर्वसम्बन्धित को अवगत कराते हुये इस मुख्यालय को भी अवगत कराने का कष्ट करें। यदि कोई प्रशासनिक/नीतिगत बाधा हो तो तत्काल इस मुख्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें।

2– पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उपरोक्त कर्मी के आगमन की तिथि से सर्वसम्बन्धित को अवगत कराते हुये इस मुख्यालय को भी अवगत कराने का कष्ट करें। यदि कोई प्रशासनिक/नीतिगत बाधा हो तो तत्काल इस मुख्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें।

<u>संख्या: व दिनांक वही</u>

**प्रतिलिपि:– निम्नलिखित को कृपया सादर सूचनार्थ प्रेषित:–**

1– पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

2– अपर पुलिस महानिदेशक, स्थापना, उ0प्र0।